**16/05**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्य मंत्री पेमा खांडू ने आज स्वर्गीय डा. बेंगिया तोलुम को याजाली स्थित उनके आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और अंतिम सम्मान दिया। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य के एक अत्यंत सम्मानित व्यक्तित्व और महान स्वदेशी नेता बताया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति उनका अमूल्य योगदान तथा स्वदेशी पहचान के संरक्षण में उनकी भूमिका को हमेशा गहरे सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।

000000000000000

राज्यपाल के टी परनाइक ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में लोक भवन की कर्मचारी मिनाती दाकुया को 'गवर्नर साइटेशन' तथा 20,000 रुपये की नकद राशि प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान लोक भवन परिसर में एक बड़ी दुर्घटना को टालने में उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के लिए दिया गया। गौरतलब है कि 8 मई 2026 को शाम के लगभग 7:30 बजे, श्रीमती मिनाती दाकुया ने बी-सेक्टर में एक बिजली के खंभे से आग लगते हुए देखा। उन्होंने तुरंत विद्‌युत विभाग को सूचित किया और लगातार संपर्क बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित किया कि बिना देरी के बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाए। उनकी तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ी अग्नि दुर्घटना होने से बच गई।

000000000000

वेस्ट सियांग जिले के आलो में आज से नौवीं हंगपंग दादा मेमोरियल ट्रोफ़ी के तहत राज्य स्तरीय अंडर-16 फुटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। यह प्रतियोगिता हर वर्ष विधानसभा क्षेत्र, जिला और राज्य स्तर पर हंगपंग दादा की स्मृति में आयोजित की जाती है। यह राज्य सरकार का एक प्रमुख खेल आयोजन है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारना है। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता राज्य स्तर के मुकाबलों में भाग लेते हैं। उद्घाटन मैच में बालक वर्ग में वेस्ट सियांग और शि योमी के बीच मुकाबला हुआ और मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एक अन्य मैच में लोंगडिंग ने दिबांग वैली को 3-0 से हराया। वहीं, सियांग ने ईस्ट सियांग को 3-0 से पराजित किया।बालिका वर्ग में लोंगडिंग और क्रा दादी के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। वहीं, नामसाई ने सियांग को 2-1 से हराया। यह प्रतियोगिता इस महीने की 27 तारीख तक जारी रहेगी।

0000000000000000000000000

राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाघे ने आज पाक्के केसांग जिले के सेजोसा  में रबर उत्पादक सोसायटी कार्यालय-सह-प्रशिक्षण हॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेजोसा में रबर की खेती की अपार संभावनाएं हैं और उचित प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन के माध्यम से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। इससे स्थानीय लोगों की आय बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय निसाम नाबम की स्मृति में एक प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। वे एक दूरदर्शी प्रगतिशील किसान थे, जिन्होंने वर्ष 2012 में सेजोसा में रबर की खेती की शुरुआत की

000000000000000000

राज्य के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री न्यातो दुकम ने आज पासीघाट के इंडस्ट्रियल एस्टेट, 2 माइल, सॉमिल के पास TULANG PURE EDIBLE OIL फ़ेक्ट्री का उदघाटन किया । इस अवसर पर 38 पासीघाट ईस्ट के विधायक तापी दारांग, 37 पासीघाट वेस्ट के विधायक निनोंग इरिंग तथा 39 मेबो के विधायक ओकेन तायेंग भी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री न्यातो दुकम ने कहा कि सपनों को पूरा करने के लिए व्यक्ति को निरंतर और दृढ़ रहना चाहिए। उन्होंने पायलट से उद्यमी बने मोहोन्तो पांगिंग की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने विजन को साकार कर दिखाया है। इस अवसर पर ईस्ट सियांग के तीनों स्थानीय विधायकों ने संयुक्त रूप से स्थानीय उत्पादों के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। जिले के भीतर इस फैक्ट्री की स्थापना करने के लिए विधायकों ने मोहोंतो पांगिन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे आने वाले दिनों में स्थानीय किसानों को काफी लाभ मिलेगा।

000000000000000

अग्निवीर भर्ती संयुक्त् प्रवेश परीक्षा 2027 में भर्ती के लिए आगामी 1 जून 2026 से 12 जून 2026 तक क्षेत्र के विभिन्न निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित किया जाएगा। अरुणाचल प्रदेश के सभी पात्र अभ्यर्थी, जिन्होंने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के लिए सफलतापूर्वक पंजीकरण किया है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे निर्धारित

समय सीमा के भीतर आधिकारिक भर्ती वेबसाइट joinindianarmy.nic.in से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करें तथा उसमें उल्लेखित सभी विवरणों का सावधानीपूर्वक सत्यापन कर लें।परीक्षा केंद्र में प्रवेश केवल वैध प्रवेश पत्र और मूल फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जाएगा।अधिक जानकारी एवं विस्तृत निर्देशों के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, जोरहाट के हेल्पलाइन नंबर 0376-2333136 और +91 6901963193 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा ईमेल  पर भी संपर्क किया जा सकता है।

000000000000000

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित इस दिवस का उद्देश्य डेंगू के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसून से पहले इसके खिलाफ निवारक उपायों को मजबूत करना है। यह दिवस मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उद्देश्य से सरल नियंत्रण रणनीतियों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इसमें रुके हुए पानी को हटाना और जल भंडारण टैंकों का उचित रखरखाव शामिल है।

0000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया है कि अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी, सियांग और अपर सियांग जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने और भारी वर्षा होने की संभावना है।इसके अतिरिक्त, मौसम केंद्र ने राज्य के कुरुंग कुमे, क्रा दादी और शि योमी जिलों में भी अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई की है।

000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए परिणाम घोषित होने के बाद उपलब्ध सुविधाओं के बारे में एक नोटिस जारी किया है। इसमें निष्पक्ष, पारदर्शी और समान मूल्यांकन प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया है। नोटिस में, सीबीएसई ने कहा है कि जो छात्र अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, वे दो चरणों वाली समीक्षा प्रणाली का लाभ उठा सकते हैं। इसके पहले चरण में, छात्र अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां मांग सकते हैं। ये ऑनलाइन लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी और समीक्षा के लिए डाउनलोड की जा सकती हैं। जबकि दूसरे चरण में, छात्र विसंगतियों के सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं या अंकन योजना के आधार पर विशिष्ट उत्तरों के पुन:मूल्यांकन का अनुरोध कर सकते हैं।बोर्ड ने कहा कि सभी आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए, और प्रत्येक चरण के लिए केवल एक आवेदन स्वीकार किया जाएगा। छात्र 19 से 22 मई के बीच मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसका शुल्क प्रति विषय सात सौ रुपये है। पाई गई समस्याओं के सत्यापन और पुन:मूल्यांकन के लिए आवेदन 26 से 29 मई के बीच जमा किए जा सकते हैं।